# यूनिफॉर्म का इंतजार कर रहे 1.74 लाख बच्चें, प्राचार्य का रोका वेतन

▸ बिना यूनिफॉर्म के स्कूल पहुंचने को मजबूर

**बड़वानी, ( नवभारत )।** नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुए दो सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन जिले के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 1 से 8 तक के करीब 174822 विद्यार्थियों को अब तक नई गणवेश नहीं मिल सकी है। स्थिति यह है कि कई बच्चे पुरानी और छोटी पड़ चुकी यूनिफॉर्म पहनकर स्कूल पहुंच रहे हैं, जबकि बड़ी संख्या में विद्यार्थी बिना गणवेश के ही कक्षाओं में बैठने को मजबूर हैं। इससे स्कूलों में एकरूपता और अनुशासन की व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है।

इस बार भी स्कूल शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों के बैंक खाते अपडेट करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन गणवेश की राशि अब तक जारी नहीं हुई है। दूसरी ओर सरकार रेडिमेड गणवेश उपलब्ध कराने के विकल्प पर भी विचार कर रही है, लेकिन इस संबंध में अभी तक कोई स्पष्ट आदेश भी जारी नहीं किए गए हैं। नतीजतन विद्यार्थी, अभिभावक और स्कूल प्रबंधन सभी असमंजस की स्थिति में हैं।

गणवेश का उद्देश्य सभी विद्यार्थियों में समानता और अनुशासन की भावना विकसित करना होता है, लेकिन समय पर ड्रेस नहीं मिलने से यह व्यवस्था प्रभावित हो रही है। पिछले वर्ष की यूनिफॉर्म अधिकांश बच्चों के लिए छोटी हो चुकी है, क्योंकि उनकी लंबाई और शारीरिक बनावट में बदलाव आ चुका है। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी अनुसार पिछले वर्ष कक्षा 1 से 8 तक जिले में 176993 बच्चों

के नामांकन दर्ज किए थे, जिनमें से 172408 बच्चों के बैंक खाते में गणवेश की राशि 600 रुपये जमा हो गई थी। शेष विद्यार्थियों के बैंक खाते अपडेट करने के लिए संबंधित विकास खंड शिक्षा अधिकारियों को स्कूल प्राचार्यों से जानकारी अपडेशन का कार्य कराने के निर्देश जारी किए हैं। फिलहाल जिले में 174822 विद्यार्थियों के नामांकन दर्ज हैं, जिनमें से 143489 बच्चों के बैंक खाते अपडेट किए जा चुके हैं, शेष 31333 बच्चों के खाते अपडेशन का कार्य प्रक्रियाधीन है।

जिले में अभी भी करीब 10 प्रतिशत विद्यार्थी स्कूलों से दूर हैं। जिला शिक्षा केंद्र के अधिकारियों का कहना है कि 5वीं और 8वीं की द्वितीय परीक्षा के परिणाम तथा छात्रावासों में जुलाई से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने से नामांकन प्रभावित हुआ है। शिक्षा विभाग के आंकड़े बताते हैं कि द्वितीय अवसर की परीक्षा में शामिल नहीं होने के कारण 5वीं और 8वीं के बाद 2 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने पढ़ाई छोड़ दी है, जो शिक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

कलेक्टर से जयति सिंह ने पाटी विकासखंड के ग्राम जुनाझिरा स्थित एकीकृत शासकीय हाई स्कूल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थितिए शिक्षण व्यवस्थाए पुस्तक वितरणए स्कूल परिसर की साफ सफाई और मध्यान्ह भोजन व्यवस्था का अवलोकन किया। शिक्षण सत्र प्रारंभ होने के बावजूद शाला में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति एवं शिक्षण व्यवस्था को लेकर नाराजगी व्यक्त कर शाला के प्राचार्य का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। कर्तव्यों के प्रति उदासीनता बरतने पर संबंधित शिक्षक एवं जनशिक्षक को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि शिक्षा की गुणवत्ता के मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**शेष बच्चों के अपडेशन का चल रहा है कार्य**

गणवेश वितरण को लेकर अभी तक राज्य शासन से कोई स्पष्ट गाइडलाइन या दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। जैसे ही शासन से निर्देश मिलेंगे, उसी के अनुसार प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिसके बाद ही गणवेश उपलब्ध हो सकेगी। रत्नप्रभा जोशी, एपीसी एवं गणवेश प्रभारी बड़वानी ने बताया कि फिलहाल 143489 बच्चों के बैंक खाते अपडेट किए जा चुके हैं, शेष 31333 बच्चों के खाते अपडेशन का कार्य चल रहा है।

# पहाड़ियों को ओढ़ाएंगे हरी चुनर

**बड़वानी, ( नवभारत )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में ग्रामों की बंजर पहाड़ियों पर वृक्ष रोपण करने की योजना बनाई है।

वरला तहसील की तहसील स्तरीय गोष्ठी में जिला समन्वयक विक्रम जमरे, तहसील समन्वयक विकास पालीवाल ने बताया कि गायत्री परिजन झवरसिंह द्वारा प्रदत्त एक एकड़ जमीन पर माता भगवती देवी स्मृति उपवन में फलदार वृक्षों का रोपण आगामी दिनों किया जाएगा। ग्राम चिखली में संचालित गौशाला का नामकरण माता भगवती देवी शर्मा गौ संवर्धन करने पर सहमति दी गई। तहसील स्तरीय महिला सम्मेलन के आयोजन में परिजनों ने सहमति दी। वृक्ष गंगा अभियान में नंदलाल ठाकरे ने ग्राम-ग्राम में वृक्ष रोपण करने का लक्ष्य रखा और बताया कि हमारा लक्ष्य पौधा रोपण नहीं उनके सरक्षण को महत्व देना होगा।

व्यसन मुक्ति अभियान प्रभारी खुमसिग चौहान द्वारा जन जागरण व्यसन मुक्ति रैली और व्यसन को परित्याग करने के संकल्प ग्रामीणों से कराए जा रहे है। साथ ही एक आम का पौधा भेंट कर स्वस्थ दीर्घायु जीवन की प्रार्थना कर रहे हैं। साधना अभियान के रुमाल सिंह ने साधना अभियान संचालित करने की रूप रेखा को बताया। सवा लाख गायत्री मंत्र 40 दिन अनुष्ठान में वरला तहसील से 38 परिजनों द्वारा संकल्प पत्र भरा है, जो लोक कल्याण, विश्व कल्याण, राष्ट्र की उन्नति के लिए और जन्म शताब्दी वर्ष की सफलता के लिए की जा रही है। मंडल विस्तार प्रभारी दयाराम जाधव द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में महिला मंडल, प्रज्ञा मंडल गठन करने में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## एक नजर में

### प्रभारी मंत्री डॉ. टेटवाल आज बड़वानी दौरे पर

**बड़वानी।** जिले के प्रभारी मंत्री एवं कौशल विकास रोजगार विभाग के राज्यमंत्री डॉ गौतम टेटवाल 6 जुलाई को सुबह 7 बजे आजीविका कैफे का अवलोकन कर जलपान करेंगे। 7.30 बजे शिवटेकड़ी पानसेमल के लिए प्रस्थान कर 9 बजे आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे। 9.30 बजे डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी की मूर्ति का अनवारण कर 10 बजे रक्तदान शिविर कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 1.30 बजे के ग्राम हरिबड़ के लिए प्रस्थान करेंगे। 2.30 बजे नवीन अटल सुशासन पंचायत भवन का लोकार्पण एवं वीबीजी रामजी के अंतर्गत नवीन कार्य का सांकेतिक शुभारंभ करने के बाद 3 बजे हरिबड़ से सारंगपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह आज से

**बड़वानी।** उच्च शिक्षा विभाग मप्र शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शभीना शास स्नातकोत्तर महा में 6 से 8 जुलाई तक दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह का उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें महाविद्यालयीन जीवन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, उच्च शिक्षा के अवसरों, कॅरियर निर्माण तथा व्यक्तित्व विकास के विभिन्न आयामों से परिचित कराना है।

### सूने घर से जेवरात सहित लाखों की चोरी

**पारा।** रतिमाली में सरपंच के घर के सामने ईश्वर रावत के यहां रात्रि में चोरी हो गई। बदमाश लाखों रुपये के सोने के जेवरात और नकदी पर किया हाथ साफ कर गए। पुलिस के अनुसार बीती रात ग्राम रतिमाली में ईश्वर रावत के यहां बदमाशों ने देर रात ताला लगे सूने घर पर हाथ साफ किया। इसमें चोर साली, पत्नी, मम्मी और सास के लाखों रूपये के जेवरात और नकदी ले गए। फिलहाल यह सामने नहीं आया कि वारदात में कुल कितने रुपए का माल चोरी गया है। पुलिस रतिमाली में आसपास के सीसी टीवी के फुटेज जांच कर रही है। वहीं लाखों की चोरी की घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर एसडीओपी कमलेश शर्मा, टीआई आर सी भास्करे, चौकी प्रभारी पल्लवी भाभर दल बल सहित पहुंचे। पुलिस पूरे इलाके की नाकाबंदी कर चोरों की धर- पकड़ में जुटी है। चोरी की वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

### योगासन एशिया कप में शरण्या को चार पदक

**इंदौर.** डेली कॉलेज की 8 वर्षीय छात्रा एवं युवा योगासन खिलाड़ी शरण्या राठौर ने कुआलालंपुर, मलेशिया में आयोजित योगासन एशिया कप 2026 में शानदार प्रदर्शन कर भारत का गौरव बढ़ाया. प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए शारण्या ने अपनी प्रतिभा, का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और कुल चार पदक तथा एक बड़ी ट्रॉफी जीतकर देश का नाम रोशन किया. शरण्या को ट्रेडिशनल योग में स्वर्ण पदक, आर्टिस्टिक सोलो योग में स्वर्ण पदक, ओन चॉइस योग प्रतियोगिता में रजत पदक और आर्टिस्टिक पेयर योग में कांस्य पदक मिला. शरण्या ने प्रतिष्ठित चैंपियन ऑफ चैंपियंस प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई किया, जहाँ प्रथम रनर-अप का खिताब अपने नाम किया. यह शरण्या की दूसरी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता थी, जिसमें उन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए शानदार सफलता हासिल की. इतनी कम उम्र में लगातार दूसरी बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए पदक जीतना उनके समर्पण और अथक मेहनत का प्रमाण है. शरण्या ने अपनी इस सफलता को भारत को समर्पित करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर तिरंगे का प्रतिनिधित्व करना उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है.

### फ्लिपकार्ट की गोट सेल का तीसरा एडिशन शुरू

**इंदौर.** फ्लिपकार्ट ने अपनी गोट सेल का तीसरा संस्करण शुरू कर दिया है। यह सेल 4 जुलाई से शुरू हुई है. फ्लिपकार्ट प्लस और ब्लैक मेंबर्स को इसकी अरली एक्सेस 3 जुलाई से मिल गई इस सेल में ग्राहकों को विभिन्न श्रेणियों में टॉप ब्रांड्स पर सबसे बड़े ऑफर मिल रहे हैं. यह सेल अंग्रेजी के शब्द गोट - ''ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाईम'' से प्रेरित है. इसमें जेन जी की दुनिया पर आधारित ह्यूमर, मीम्स और ऑफबीट स्टोरीटैलिंग पेश की गई है. यह कैम्पेन गोट के मैस्कट पर आधारित है. इसमें बफैलो को एक डॉन सर के रूप में पेश किया गया है. सेल में क्या डील दी जाएंगी, उसे भी बड़े मजेदार तरीके से तय किया जाता है. इसलिए सेल में मिलने वाले आकर्षक ऑफर बहुत ही मनोरंजक और फायदेमंद होने के साथ शेयर करने लरयक बन जाते हैं. प्रतीक शेट्टी, वाईस प्रेसिडेंट, ग्रोथ एंड मार्केटिंग, फ्लिपकार्ट ने कहा गोट सेल के पिछले दो संस्करण फ्लिपकार्ट की खास प्रॉपर्टी बन गए. इनमें भारत के ग्राहकों के लिए संस्कृति, ह्यूमर और बेहतरीन ऑफर पेश किए गए. इस एडिशन में हम टॉप ब्रांड्स पर सबसे बड़े ऑफर तलाशने वाले ग्राहकों के लिए शॉपिंग का बेहतरीन अवसर लेकर आए हैं. इस कैम्पेन का मजेदार गोट यूनिवर्स हमें जेन जी और डिजिटल-फर्स्ट ग्राहकों से उनकी भाषा में जुड़ने में मदद करेगा.

### ज़ी5 लेकर दमदार और उद्देश्यपूर्ण कहानी- सतलज

**इंदौर.** साहसिक, सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक और विचारोत्तेजक कहानियों को दर्शकों तक पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए ज़ी5 ने आज अपनी नई फिल्म सतलज का प्रीमियर किया. वास्तविक घटनाओं से प्रेरित यह भावनात्मक फिल्म केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि साहस, अपूरणीय क्षति और न्याय की अटूट तलाश की एक मार्मिक कहानी पेश करती है. हनी त्रेहान के निर्देशन में बनी इस फिल्म का निर्माण आरएसवीपी और मैकगफ़िन पिक्चर्स ने किया है।

# वरला पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

▸ शासकीय कर्मचारी को धमकाकर अवैध रूपए की मांग करने का मामला

**बड़वानी, ( नवभारत )।** एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन, एएसपी धीरज बब्बर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी सेंधवा अजय वाघमारे के पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत थाना वरला पुलिस ने मोबाईल फोन के माध्यम से शासकीय कर्मचारी को धमकाकर अवैध रुपए की मांग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों द्वारा वरला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि एक व्यक्ति द्वारा मोबाईल फोन पर शासकीय कर्मचारी को डरा-धमकाकर अवैध रुपए की मांग की जा रही है। वहीं राशि नहीं देने पर

अश्लील एवं अभद्र भाषा का प्रयोग कर लगातार परेशान किया जा रहा है। जिस पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

विवेचना के दौरान पाया कि आरोपी घटना में प्रयुक्त मोबाईल नंबर को लगातार बंद-चालू कर पुलिस से बचने का प्रयास कर रहा था तथा समय-समय पर अलग-अलग सिम कार्ड का उपयोग कर अपनी पहचान छिपा रहा था। थाना प्रभारी नारायण रावल के नेतृत्व में टीम का गठन कर तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपी की तलाश की गई।

4 जुलाई 2026 को आरोपी लोकभानु सिंह पिता भेरूसिंह नरगावे उम्र 42 वर्ष निवासी खोलगांव जिला खरगोन हाल निवासी एकता नगर बड़वानी को हिरासत में लिया गया। पुछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दोनों मोबाईल नंबरों की सिम जब्त की गई। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी अन्य व्यक्तियों के नाम पर पंजीकृत सिम कार्ड का उपयोग कर शासकीय कर्मचारियों सहित विभिन्न लोगों को धमकाकर परेशान करने का आदी है। विवेचना में प्राप्त तथ्यों के आधार पर प्रकरण में आवश्यक वैधानिक धाराओं का समावेश किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सेंधवा के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की गई।

# महिला थाना ने ग्रामीणों को किया जागरूक

▸ रक्षा सखी एवं सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत ग्राम साली में हुआ कार्यक्रम

**बड़वानी, ( नवभारत )।** एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सामुदायिक पुलिसिंग, महिला सुरक्षा तथा साइबर अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से संचालित रक्षा सखी एवं सेफ क्लिक 2.0 अभियान अंतर्गत 5 जुलाई 2026 को महिला थाना बड़वानी पुलिस द्वारा ग्राम साली में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**योजनाओं की दी विस्तृत जानकारी**

कार्यक्रम में डीएसपी अजाक निलेश्वरी डावर एवं महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सुनीता मुजाल्दा ने महिलाओं एवं ग्रामीणजनों को घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, महिला संबंधी अपराध, महिला

सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधान, यातायात नियमों के पालन तथा शासन द्वारा संचालित महिलाओं एवं बालिकाओं के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सेफ क्लिक 2.0 अभियान के अंतर्गत साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया।

**ग्रामीणों को दी पुलिस सहायता सेवाओं की जानकारी**

ग्रामीणजनों को महिला हैल्पलाईन 1090, साइबर हैल्पलाईन 1930, डायल-112 एवं अन्य पुलिस सहायता सेवाओं की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी तरह की साइबर धोखाधड़ी या अपराध की स्थिति में तत्काल हैल्पलाईन पर सूचना दे या निकटतम पुलिस थाने से सम्पर्क करें। इस दौरान राजपुर थाना प्रभारी माधव ठाकुर, चौकी प्रभारी भागसुर आसिफ खान सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 100वें स्वास्थ्य शिविर में 150 का परीक्षण

**धार।** भोज शोध संस्थान के वृद्धजन चिकित्सा जांच शिविर का 100वां शिविर स्थानीय श्रद्धालय वृद्धाश्रम में लगा। इसमें 150 वृद्धजनों का परीक्षण किया गया। भोज शोध संस्थान के निदेशक डॉ दीपेंद्र शर्मा ने बताया कि 2 अक्टूबर 2017 से सुपर 60 प्लस वृद्धजन चिकित्सा जांच सेवा प्रकल्प की शुरुआत की गई थी। प्रतिमाह की पांच तारीख को यह शिविर लाल बाग धार में आयोजित किया जा रहा है। 100 वे पूर्णाक शिविर में अमलतास हॉस्पिटल देवास द्वारा 150 से अधिक मरीजों के वजन, ब्लडप्रेशर, शुगर हार्ट आदि का परीक्षण किया गया। श्वष्टत्न जांच की व आवश्यक दवाइयां नि:शुल्क प्रदान की। विशेषज्ञ जांच आर्थो में पार्थ, गायनो में डॉ मुस्कान, एमडी मेडिसिन डर शिवांग, सर्जिकल में डॉ अरविंद, नेत्ररोग में डॉ दिव्यांशी व नाक कान गला रोग में डॉ अब्दुल प्रमुख थे। जांच सहायक में अभय कुमार, सलमान, अनिल चौधरी, व पूजा डावर थे। शिविर समन्वयक डॉ महेंद्र राणा, हरेंद्र गोयल, धमेंद्र गौ?, उमेश व अनिल भाई रहे। श्रद्धालय वृद्धाश्रम की ओर से सत्कार अधिकारी अर्जुन सिंह सिसोदिया, हरिहरदत्त शुक्ल, श्याम पंवार, जयन्त जोशी, मीनाक्षी लहरे, अनिता शर्मा, रामकिशोर पांडे, भरत पंवार, अशोक चौहान, रानी पंवार, विद्या गुंजाल, तोताराम लववंशी ने शिविर को उद्देश्यपूर्ण व सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उद्घाटन सत्र में प्रकल्प संयोजक डॉ. दुर्गेश नागर का 100 सफल शिविर का कीर्तिमान बनाने पर अभिनन्दन किया गया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राकी मक्कड़ ने दी।

# 2 करोड़ से ज्यादा की 2004 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब पकड़ी

**आलीराजपुर।** जिले भर में अवैध शराब के तस्करी तथा परिवहन पर प्रभावी दृष्टि अपनाते हुए एसपी रघुवंश कुमार सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति उमठ बघेल और जोबट रवींद्र राठी के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियानों के तहत जोबट थाने की टीमों ने आज सुबह बड़ी कार्यवाही की। मुखबिर से प्राप्त विश्वसनीय जानकारी के आधार पर थाना प्रभारी जोबट द्वारा दो अलग-अलग टीमों को तत्काल तैनात कर कार्रवाई की गई।

तलाशी के दौरान दो आयशर कंटेनर वाहनों से कुल 2004 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। प्रथम कंटेनर से 930 पेटी तथा द्वितीय कंटेनर से 1074 पेटी मिली, जो मिलाकर लगभग 17,409 बल्क लीटर बनती है। जब्त शराब में आर.एस., ब्लेंडर्स, रिटज, आर.सी., बैगपाइपर और मैजिक मोमेंट सहित कई हाई-रेंज ब्रांड शामिल हैं। बरामद शराब का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 2 लाख रुपए बताया जा रहा है।

कार्रवाई के दौरान दोनों वाहनों के चालकों विक्रम (पिता शालगराम पाटीदार, उम्र 43 वर्ष, निवासी करनावद, थाना हाटपिपलिया, जिला देवास) एवं शिवलाल (पिता बालमुकुंद मालवीय, उम्र 55 वर्ष, निवासी ग्राम भैरवाखेड़ी, थाना टोककलां खुर्द, जिला देवास) को मौके से गिरफ्तार किया गया। घटनास्थल से दोनों आयशर कंटेनर भी जब्त किए गए हैं; इन वाहनों की अनुमानित कीमत लगभग 40 लाख है।

थाना जोबट पर इस संबंध में अलग-अलग अपराध क्रमांक 277/2026 एवं 278/2026 दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 46 के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपियों से जब्त शराब के स्रोत तथा आपूर्ति श्रृंखला संबंधी गहन पूछताछ की जा रही है और प्रकरणों की विवेचना जारी है।

पुलिस की कार्रवाई में थाना जोबट पुलिस के निरीक्षक विजय वास्कले, उप निरीक्षक नगीनलाल नायक, उप निरीक्षक धनराज सेमिया, उप निरीक्षक गोविन्द कटारे, सहायक उप निरीक्षक राम कुमार गौतम, सहायक उप निरीक्षक अजय कुमार यादव, आरक्षक गजेन्द्र, आरक्षक रविन्द्र व आरक्षक महेश की विशेष भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने टीम के सतत प्रवर्तन अभियानों को आगे भी जारी रखने का आश्वासन दिया है।

# उच्च न्यायालय इंदौर में लोक अदालत 12 को

**इंदौर.** कार्यपालक अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 12 सितम्बर को समस्त न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा एवं प्रशासनिक न्यायाधिपति सुबोध अभ्यंकर, के निर्देशन में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में 12 सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है. समस्त पक्षकारों एवं अधिवक्तागण से अनुरोध है कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से सुलह एवं समझौते के आधार पर निराकृत कराने हेतु मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर में प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, ओ.एस.डी/ रजिस्ट्रार, रजिस्ट्रार (एम), संबंधित सेक्शन एवं विधिक सहायता अधिकारी, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति इंदौर से संपर्क कर अपने प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में रखने हेतु आवेदन/सूचना दे सकते है.

# आज भारत एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना के साथ तेजी से बढ़ रहा आगे : सिलावट

**धार। भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को बदनावर में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट मुख्य वक्ता रहे।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती धार विधायक नीना विक्रम वर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव तथा नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव अतिथि के रूप में उपस्थित

रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यकर्ता सम्मेलन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला व मुखर्जी के बारे में बताया।

मुख्य वक्ता कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रवाद, अखंड भारत, संगठन और जनसेवा के लिए समर्पित रहा।

उन्होंने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया तथा उनका जीवन आज भी प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी डॉ. मुखर्जी के आदर्शों और विचारों को लेकर निरंतर आगे बढ़ रही है। सिलावट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाना डॉ. मुखर्जी के संकल्प को साकार करने की दिशा में सबसे बड़ा कदम है। आज भारत एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# बारिश की रिमझिम और कोहरे ने निहारा मांडू का प्राकृतिक सौंदर्य

**मांडू।** इमारत का गढ़ कहा जाने वाला मांडू इन दिनों प्राकृतिक सुंदरता अपनी विशाल इमारत की सुंदरता पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है माना जा रहा है कि रविवार को हजारों की संख्या में पर्यटक मांडू पहुंचेंगे प्रशासनिक व्यवस्था के चलते एमपी टूरिज्म मांडू को लेकर लेकर काफी व्यवस्था जताने में लगा है।

किंतु धरातल पर व्यवस्था कुछ और ही है मांडू की जहाज महल इमारत अपने आप में एक ऐतिहासिक धरोहर है मांडू की सबसे आकर्षक कहीं जाने वाली इमारत जहाज महल है सबसे अधिक संख्या में मांडू सैलानी जहाज महल पहुंचते हैं प्रशासनिक व्यवस्था के चलते पर्यटक मांडू में पहुंचकर काफी परेशानियों का सामना करते हैं। वर्षों में पर्यटन विभाग द्वारा मांडू में करोड़ों की लागत से सुलभ शौचालय का निर्माण किया गया किंतु आज धरातल पर व्यवस्था और कुछ है पर्यटक और मांडू पहुंच रहे सैलानियों का कहना है कि मांडू ऐसा लगता है जैसा नाम बड़े और दर्शन छोटेवाली कहावत चरितार्थ हो रही है करोड़ों की लागत से बना शौचालय पूर्ण रूप से तैयार होने के बावजूद भी आने वाले पर्यटकों की परेशानी को दूर नहीं कर पा रहा विगत कई वर्षों का अनुमान लगाए तो मांडू में बारिश का आगमन हो चुका है बारिश के होते हुए हजारों की संख्या में पर्यटक मांडू पहुंचता है किंतु मांडू पहुंचकर असुविधा समस्या और बहुत सारी परेशानियां लेकर वापस घर पहुंचता है।

# रिटायरमेंट पर सैनिक भावसिंह डावर का सम्मान

**गंधवानी।** गंधवानी थाने पर पदस्थ नगर सैनिक भावसिंह डावर ने अपने पूरे सेवाकाल में कर्तव्य को सर्वोपरि मानते हुए हर दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ किया। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने दायित्वों का ईमानदारी से पालन कर विभाग और गंधवानी क्षेत्र का गौरव बढ़ाया।

उनका सेवाभाव, अनुशासन और सरल व्यक्तित्व सदैव सहकर्मियों एवं अधिकारियों के लिए प्रेरणास्रोत रहा ये यह बात गंधवानी थाने में सेवा निवृत हुए नगर सैनिक भावसिंह डावर के कार्यकम में मौजूद लोगों ने कही। इस अवसर पर परिवार, मित्रों, सहकर्मियों एवं समस्त शुभचिंतकों ने भावसिंह डावर के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की मंगलकामनाएं व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एक नजर में ▸ बाग में आयोजित मासिक गोष्ठी में एआई को लेकर किया संबोधित

# तकनीक का तूफान इंसानों की जगह लेने को तैयार : क्रिया सेक्रेटरी

**आलीराजपुर।** आज के समय में एआई (ARTIFICIAL INTELLIGENCE) का उपयोग बहुत तेजी से बढ़ रहा है और हर कोई इसका इस्तेमाल कर रहा है। ए.आई. हमारी जिंदगी को आसान बनाता है, क्योंकि यह काम को जल्दी और बिना गलती के करता है। आज लगभग 60-70 प्रतिशत लोग ए.आई. का उपयोग करते हैं। कोई मोबाइल में करता है, कोई गेम में, कोई पढ़ाई में और कोई डॉक्टर के काम में। ए.आई. 24 घंटे काम कर सकता है, इसे थकान भी नहीं होती। बच्चे भी ए.आई. को बहुत पसंद करते हैं क्योंकि यह उन्हें चीजें आसान भाषा में समझाता है।

यह व्याख्यान यूपीएससी एग्जाम में ऑल इण्डिया में 8वीं रेंक प्राप्त करने वाले आई.ए.एस. कलेक्टर बनकर बाग का नाम रौशन करने वाले पक्षाल सेक्रेटरी की छोटी बहन क्रिया

सेक्रेटरी बाग ने पदम हॉल में बच्चों को सम्बोधित करते हुए अपनी मासिक गोष्ठी में कही। आगे क्रिया सेक्रेटरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अगर हम कोई सवाल पूछें तो ए.आई. तुरंत जवाब दे देता है। डॉक्टर भी ए.आई. की मदद से बीमारियों का जल्दी पता लगा पाते हैं। इसी वजह से लोग ए.आई. का उपयोग और भी बढ़ा रहे हैं। लेकिन ए.आई. के साथ कई नुकसान भी जुड़े हैं। ए.आई. में इंसानों जैसी सोच, भावना, दया या समझदारी नहीं होती। यह सिर्फ वही काम करता है जो इसे प्रोग्राम में दिया गया है। अगर ए.आई. को गलत जानकारी मिल जाए तो यह गलत फैसले भी ले सकता है। ए.आई. में प्राइवेसी का खतरा भी है, क्योंकि कई बार यह हमारा डेटा अपने पास रख लेता है। ए.आई. को बनाने और चलाने में बहुत पैसा लगता है, जो हर कंपनी के लिए आसान नहीं है। सबसे बड़ा नुकसान यह है कि ए.आई. की वजह से लोग आपस में कम बात करने लगे हैं। बच्चे भी ज्यादातर समय मोबाइल और कंप्यूटर पर ही रहते हैं, जिससे मानवीय संबंध कम हो रहे हैं। इसके अलावा, विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ए.आई. पर अत्यधिक निर्भरता बढ़ी तो यह लोगों की सोचने और निर्णय लेने की क्षमता को भी प्रभावित कर सकता है। इसलिए हमें ए.आई. का उपयोग सोच-समझकर करना चाहिए। ए.आई. सही तरीके से उपयोग किया जाए तो फायदेमंद है, लेकिन निर्भरता बढ़ गई तो समस्याएं होंगी।